## संपादकीय

# महंगी मेडिकल शिक्षा

## होनहार गरीब बच्चे कहां जाएं

शिक्षा के व्यापारीकरण के नीतिगत फैसलों से शिक्षा महंगी होने के फलस्वरूप आमजन की पहुंच से दूर हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारतीय मेडिकल कौंसिल बोर्ड को मेडिकल शिक्षा की फीसें घटाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का कहना है कि प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों खासकर मानद विश्वविद्यालयों द्वारा वसूले जा रहे मनमाने दामों को शीघ्र कम किया जाये। सरकार द्वारा सितंबर, 2018 में भंग की गयी मेडिकल कौंसिल के सम्मुख भी महंगी फीस का ही मुद्दा उलझा रहा। कौंसिल का कहना था कि फीस वृद्धि के मामले में हस्तक्षेप करना उसके अधिकार में नहीं है। शिक्षा के व्यापारीकरण के कारण समाज का एक बड़ा वर्ग बुनियादी शिक्षा से भी वंचित होता जा रहा है। बहुत से होनहार बच्चे पैसे की दिक्क त के चलते दाखिला नहीं ले पाते। सच्चाई यह भी है कि एमबीबीएस की दाखिला परीक्षा में मेरिट दर्जा हासिल करने के बावजूद कई बच्चों को महज इसलिए प्रवेश नहीं मिलता क्योंकि वे भारी-भरकम फीस अदा नहीं कर सकते। एनआरआई कोटे में तो मेरिट भी नहीं देखी जाती। वहां तो पैसे की माया का ही खेल चलता है।

दरअसल इससे मेडिकल शिक्षा के स्तर में गिरावट आनी स्वाभाविक है। फिर महंगी पढ़ाई पढ़कर डाक्टर बनने वाले विद्यार्थी मेडिकल इख्लाक को कायम रख पाएंगे, यह टेढ़ा सवाल है। इसी कारण चिकित्सा सरीखे पवित्र व्यवसाय के ऊपर व्यापारीकरण भारी पड़ रहा है। शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी सहूलियतें मुहैया कराना सरकार की जिम्मेवारी है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य तथा शिक्षा जैसी मूलभूत जरूरतों की ओर से हाथ खींचे जाने के फलस्वरूप उसकी प्राइवेट संस्थाओं पर निर्भरता बढ़ रही है। शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में कार्पोरेट कॉलेजों और अस्पतालों की आमद के कारण मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। लिहाजा कई कमेटियों और आयोगों का मानना है कि सभी को बराबर सहूलियतें मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग केवल सरकारी क्षेत्र के ही अधीन होने चाहिए।

# एसबीआई : घर बैठे ही शुरू करें बंद हुई नेट बैंकिंग, ये रहा आसान तरीका

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने 01 दिसंबर से नेट बैंकिंग को लेकर बड़ा बदलाव किया है. इसके चलते लाखों का लोगों की (एसबीआई नेट बैंकिंग) बंद हो गई है. एसबीआई ने साफ किया है कि उसने उन लोगों की नेटबैंकिंग की सुविधा को रोक दिया है, जिन?होंने अपना नंबर अकाउंट में अपडेट नहीं कराया है. अगर आपकी भी एसबीआई की नेटबैंकिंग की सुविधा बंद हो गई है घर बैठे यह चेक सकते हैं कि यह मोबाइल नंबर अपडेट न कराने के चलते तो नहीं है.

**ऐसे जानें क्यों बंद हुई आपकी नेटबैंकिग**

आपका मोबाइल नंबर एसबीआई के साथ रजिस्टर्ड है या फिर नहीं है, इसका आसानी से पता लगा सकते हैं.

आपको बैंक की वेबसाइट www.onlinesbi.com पर लॉगइन करना होगा.

इसके बाद अपने माई अकाउंट और प्रोफाइल टैब पर क्लिक करना होगा.

प्रोफाइल टैब पर पर्सनल डिटेल/ मोबाइल पर क्लिक करेंगे.

इसके बाद आपसे प्रोफाइल पासवर्ड मांगा जाएगा.

प्रोफाइल पासवर्ड हमेशा लॉगइन पासवर्ड से अलग होता है.

जैसे ही आप प्रोफाइल पासवर्ड सबमिट करेंगे वैसे ही आपको अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दिखाई देगी.

अगर मोबइल नंबर नहीं दिखे तो फिर इसको बैंक की शाखा में जाकर रजिस्टर्ड कराना होगा.

**क्या करें ग्राहक-** एसबीआई के आधिकारिक बयान के मुताबिक ग्राहक को मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए ब्रांच में जाना होगा. एसबीआई के मुताबिक इंटरनेट बैंकिंग यूजर, हमारे पास अपना मोबाइल नंबर तत्काल अपडेट कराएं. मोबाइल नंबर अपडेशन ब्रांच से ही होगा. इसके बाद ही नेट बैंकिंग शुरू हो जाएगी.

**क्या कहता है रिजर्व बैंक का नियम**

एसबीआई के एक अधिकारी का कहना है कि रिजर्व बैंक के सर्कुलर पर यह नोटिफिकेशन जारी किया था. आरबीआई ने 6 जुलाई 2017 को एक सर्कुलर जारी कर कहा था कि बैंक अपने ग्राहक का मोबाइल नंबर हर हाल में रजिस्टर करें ताकि उन्हें एसएमएस से बैंकिंग अपडेट मिलता रहेगा.

# 6 दिसंबर से Flipkart Big Shopping Days सेल शुरू, इन स्मार्टफोन्स पर मिलेगी भारी छूट




नई दिल्ली। Flipkart ने Big Shopping Days नाम से 6 दिसंबर से सेल आयोजित करने की घोषणा की है. यह सेल 6 से 8 दिसंबर तक चलेगी. आपके लिए खुशखबरी की बात यह है कि सेल में हर कैटिगरी के प्रॉडक्ट्स पर छूट मिलेगी. वहीं, सेल के लिए कंपनी ने एचडीएफसी बैंक से साझेदारी की है, इसलिए सेल में HDFC बैंक के कार्ड (डेबिट/क्रेडिट) से पेमेंट करने पर 10त्न का इंस्टेंट डिस्काउंट मिलेगा. यह ऑफर ईएमआई खरीदारी पर भी लागू होगा. हम आपको बताने जा रहे हैं सेल में स्मार्टफोन्स पर मिलने वाले बेस्ट ऑफर्स के बारे में.

**गूगल पिक्सल 2 एक्सएल पर भारी छूट**

सेल में गूगल पिक्सल 2एक्सएल पर 5500 रुपये की छूट मिलेगी. फोन के 64 जीबी मेमरी वाले वेरियंट की कीमत 45,499 रुपये है और सेल में इसे 39,999 रुपये में खरीदा जा सकेगा. फोन में 3530 एमएएच की बैटरी दी गई है. साथ ही, परफॉर्मेंस के लिए फोन में स्नैपड्रैगन का 835 प्रोसेसर दिया गया है.

**आसुस के फ्लैगशिप जेनफोन 5 जेड पर छूट**

आसुस के फ्लैगशिप जेनफोन 5जेड की शुरुआती कीमत 29,999 है, लेकिन सेल में फोन को 24,999 में खरीदा जा सकेगा. यानी कि फोन पर 5,000 रुपये की छूट मिल रही है. फोन 6 जीबी रैम+64 जीबी स्टोरेज, 6 जीबी रैम+128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम+256 जीबी स्टोरेज वाले तीन स्टोरेज वेरियंट्स में पेश किया गया है.

# वोडाफोन : 159 रुपये में रोज 1 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉल




नई दिल्ली। वोडाफोन और आइडिया जैसी दो बड़ी कंपनियों के एक हो जाने के बाद भी इनकी ओर से कोई ऐसा प्लान निकलकर नहीं आया है, जिससे जियो की बादशाहत खत्म हो सके. हालांकि अब वोडाफोन ने अपने प्रीपेड यूजर्स के लिए एक नया 159 रुपये वाला प्लान पेश किया है. इस प्लान का मुकाबला एयरटेल और जियो के 149 रुपये वाले प्लान से रहेगा.एयरटेल की तरह ही वोडाफोन भी अपने इस प्लान में 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ प्रतिदिन 1त्नक्च डेटा दे रहा है. यानी ग्राहकों को इसमें कुल 28 जीबी डेटा मिलेगा. डेटा के अलावा ग्राहकों को प्रतिदिन 100 जीबी और पूरी वैलिडिटी के दौरान अनलिमिटेड वॉयस कॉल का फायदा भी मिलेगा. दूसरी तरफ जियो की बात करें तो कंपनी 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ ही प्रतिदिन 1.5 जीबी डेटा मुहैया कराती है. आपको बता दें वोडाफोन का ये नया प्लान केवल चुनिंदा यूजर्स के लिए ही वैलिड है.

वोडाफोन के इस नए प्लान की विस्तार से बात करें तो इसमें दिए जा रहे अनलिमिटेड कॉलिंग में प्रतिदिन 250 मिनट और प्रतिहफ्ते 1000 मिनट की बाध्यता रहेगी. साथ ही यूजर्स को पूरी वैलिडिटी के दौरान 100 से ज्यादा यूनिक नंबरों में कॉल करने की अनुमति नहीं होगी. दूसरी तरफ जीबी की बात करें तो ये सभी सर्किलों में समान नहीं है. यानी कुछ सर्किलों में प्रतिदिन 100 एसएमएस दिया जाएगा तो कहीं पूरी वैलिडिटी के दौरान केवल 100 एसएमएस ही मिलेगा. ध्यान रहे 28 दिनों की वैलिडिटी वाला वोडाफोन का ये प्लान वोडाफोन के सारे 4त्न सर्किलों में चुनिंदा यूजर्स के लिए ही वैलिड होगा. वोडाफोन की तुलना एयरटेल के प्लान से करें तो सारी खूबियां लगभग एक जैसी हैं. कुछ अंतरों की बात करें तो अनलिमिटेड कॉलिंग को लेकर यहां कोई बाध्यता नहीं है. साथ ही कंपनी अपने कुछ यूजर्स को पूरी वैलिडिटी को दौरान केवल 1 जीबी डेटा ही मुहैया करा रही हैं.

# छेड़छाड़ मामले में क्रिस गेल ने जीता डेढ़ करोड़ का मानहानि मुकदमा




सिडनी। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने करीब तीन साल पुराने मामले में एक ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ग्रुप के खिलाफ मानहानि का मुकदमा जीत लिया है. 2015 वर्ल्ड कप के दौरान हुए इस वाक्ये को फेयरफैक्स मीडिया ने 2016 में सिलसिलेवार लेखों में गेल पर आरोप लगाया था जिससे परेशान होकर अंततः गेल ने मुकदमा दायर किया जिसमें उन्हें जीत हासिल हुई। गेल ने ऑस्ट्रेलिया के एक मीडिया ग्रुप फेयरफैक्स मीडिया के खिलाफ तीन लाख ऑस्ट्रेलियाई डालर का मानहानि का मुकदमा जीता, जिसने दावा किया था कि गेल ने एक मालिश करने वाली को अपने गुप्तांग दिखाए थे. फेयरफैक्स मीडिया सिडनी मार्निंग हेराल्ड और द ऐज का प्रकाशन करता है.

उन्होंने आरोप लगाया था कि सिडनी में 2015 में ड्रेसिंग रूम में गेल ने उस महिला के साथ ऐसा बर्ताव किया था. गेल ने उन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पत्रकारों ने उन्हें बर्बाद करने के लिये यह सब किया है. न्यू साउथ वेल्स सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस लूसी मैकुलम ने कंपनी को भुगतान का निर्देश देते हुए कहा कि इन आरोपों से गेल की साख को काफी ठेस पहुंची है. फेयरफैक्स ने कहा कि वह फैसले के खिलाफ तुरंत अपील की सोच रहे हैं.

## आज का राशिफल

मेषः आपका आज का दिन परोपकार और सद्भावनाओं में बीतेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। सेवा-पुण्य का कार्य आप करते रहेंगे। मानसिक रूप से कार्यभार अधिक रहेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। शारीरिक और मानसिक रुप से स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

वृषभः गणेशजी कहते हैं कि आज आपको वाद-विवाद में अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी वाणी किसी को मोहित करेगी। इससे आपको फायदा होगा। नए संबंधों में सद्भाव बढ़ने की भी संभावना है।

मिथुनः भावना और संवेदनशीलता में बहकर स्त्री वर्ग से संबंध न बढ़ाने की सलाह है। पानी तथा प्रवाही पदार्थ आपके लिए घातक हो सकते हैं, इसलिए उनसे दूर रहें। प्रवास के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी व्याधि के कारण मन दुविधा में रहने से निर्णय लेने में बाधा आ सकती है।

कर्कः आज आप दिनभर प्रफुल्लित रहेंगे। नए कार्य का आरंभ भी आज कर सकते हैं। मित्रों और स्नेहीजनों से भेंट होगी। इससे आपको आनंद मिलेगा। कार्य में मिली सफलता के कारण आप के उत्साह में वृद्धि होगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। परिजनों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। आर्थिक क्षेत्र में आय की अपेक्षा व्यय भी अधिक होगा।

कन्याः आज नए संबंध बन सकते हैं, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायी सिद्ध होंगे। वैचारिक रूप से समृद्धि बढ़ेगी। शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन में वातावरण अच्छा रहेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रह सकता है, सावधानी बरतें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अपने क्रोध पर संयम बरतें। आज आय की अपेक्षा व्यय अधिक होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए लाभदायी है ऐसा गणेशजी कहते हैं। मित्रों के साथ भेंट होगी तथा उनके साथ घूमने-फिरने, आनंद-प्रमोद करने में खर्च होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए शुभ है। आर्थिक मामलों में उचित योजना बना सकेगें। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रय भी करेंगे। आज आपका हर एक कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

मकरः आज का आपका दिन मिला-जुला रहेगा। बौद्धिक कार्य करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज लेखन प्रवृत्ति या साहित्य से जुड़ी कोई भी प्रवृत्ति अच्छी तरह से निभा पाएंगे।

कुंभः आज अत्याधिक विचारों से मानसिक थकावट अनुभव कर सकते हैं। मन में क्रोध की भावना रह सकती है, जिसे दूर करने का प्रयास करें। चोरी, अनैतिक कृत्यों से, निषेधात्मक कार्यों तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

मीनः आज आपके अंदर छुपे लेखक या कलाकार को अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। साझेदारी के व्यापार के लिए शुभ समय है। दिनभर के क्रिया कलापों से निकलकर आप अपना समय आमोद-प्रमोद में बीता सकेगें।


# जिस वृक्ष को छूने मात्र से मिट जाती हैं थकान, इंद्र के श्राप के कारण नहीं लगते उस पर फल



एक वृक्ष ऐसा है जिसे मात्र छूने से व्यक्ति की थकान मिट जाती है, लेकिन इन वृक्ष पर फल नहीं आते हैं। औषधीय गुणों से भरपूर पारिजात वृक्ष को लेकर हिंदू धर्म में अनेक कथाएं प्रचलित हैं, ये माना जाता है कि इंद्र के श्राप के कारण इस वृक्ष पर फल नहीं आते हैं। आखिर क्यों दिया इंद्र ने इस वृक्ष को श्राप आइए जानते हैं इस वृक्ष से जुड़ी पौराणिक कथाओं के बारे में...

पौराणिक मान्यता के अनुसार, परिजात वृक्ष की उत्पत्ति समुंद्र मंथन से हुई थी और इसे इन्द्र ने अपनी वाटिका में रोप दिया था। हरिवंश पुराण के अनुसार पारिजात के अदभुद फूलों को पाकर सत्यभामा ने भगवान कृष्ण से जिद की कि पारिजात वृक्ष को स्वर्ग से लाकर उनकी वाटिका में लगाया जाए। श्री कृष्ण ने पारिजात वृक्ष लाने के लिए नारद मुनि को स्वर्ग लोक भेजा मगर इन्द्र ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया जिस पर कृष्ण ने स्वर्ग लोक पर आक्रमण कर दिया और पारिजात प्राप्त कर लिया। पारिजात छीन जाने से क्रोधित इन्द्र ने इस वृक्ष पर कभी न फल आने का श्राप दिया। पारिजात वृक्ष का फूल खूबसूरत सफेद रंग का होता है जो सूखने के बाद सुनहरे रंग का हो जाता है। इस फूल में पांच पंखुडियां होती हैं। मान्यता के अनुसार, इस वृक्ष के छूने मात्र से देव नर्तकी उर्वशी की थकान मिट जाती थी और आज भी अगर कोई इस वृक्ष को छू लेता है तो वह कितना भी थका हुआ क्यों न हो इसे छूते ही उसकी सारी थकान गायब हो जाती है।

# विराट कोहली ने कहा, मुझे किसी के सामने कुछ साबित करने की जरूरत नहीं..



एडिलेड। टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने अपने बल्लेबाजी कौशल से दुनियाभर के क्रिकेटप्रेमियों को प्रशंसक बनाया है. विराट इस समय जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसे देखते हुए महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से भी उनकी तुलना की जाने लगी है. विराट इस समय अपनी हर पारी के साथ कोई न कोई रिकॉर्ड अपने नाम कर रहे हैं. भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है और मेजबान टीम के खिलाफ आगामी 6 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली टेस्ट सीरीज में उसे जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है. बॉल टैम्परिंग के विवाद में लगे बैन के कारण ऑस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और डेविनड वॉर्नर इस समय टीम से बाहर है, ऐसे में कहा जा रहा है कि सीरीज में टीम इंडिया के जीत के अच्छे आसार हैं. विराट इस समय टेस्ट क्रिकेट में 24 शतक अपने नाम कर चुके हैं. वैसे, बल्लेबाजी में अब तक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद विराट का मानना है कि उन्हें किसी के सामने, किसी भी बात को साबित करने की जरूरत नहीं है और वे मैदान पर रहते हुए अपना 100 फीसदी देने की कोशिश करते हैं. उन्होंने कहा कि दूसरे देश में खेलते हुए भी वे कुछ अलग महसूस नहीं करते.

30 वर्षीय विराट ने सिडनी स्थित मैकक्वेरी स्पोर्ट्स रेडियो से बात करते हुए कहा, 'आप हर सीरीज, हर दौरे और हर मैच के साथ कुछ न कुछ नया सीखते हैं.' उन्होंने कहा, 'पिछली बार से अब तक मेरा अपने प्रति विश्वास और अधिक बढ़ गया है, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी के सामने अपने आपको साबित करने की जरूरत है. मैं वही करता हूं तो टीम मुझसे अपेक्षा रखती है, मैं मैदान पर शत प्रतिशत योगदान देने में यकीन रखता हूं. जब मैं किसी दूसरे देश में खेलने जाता हूं तो कुछ अलग करने की कोशिश नहीं करता. यह एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया का हिस्सा है.

## घर पर बनाएं टेस्टी क्रिस्पी कॉर्न, जानिए रेसिपी



आमतौर पर सभी सुबह और शाम की चाय के साथ सैक्स खाने के शौकिन होते है। जिसके लिए आप कुछ नया सोचते हैं। आज हम आपको टेस्टी क्रिस्पी कॉर्न की रेसिपी बताएंगे। जिसे आप शाम की चाय के साथ आराम से खा सकते हैं।

सामग्री-

स्वीट कॉर्न- 2 कप,

मैदा- 2 बड़े चम्मच,

लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच,

अमचूर- चुटकी भर,

प्याज- बारीक कटा,

हरा धनिया- बारीक कटा,

नमक- स्वादानुसार,

तेल- आवश्यकतानुसार,

नींबू रस- 1 छोटा चम्मच

विधि- एक बाउल में कॉर्न, मैदा, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर, नमक डाल अच्छे से मिक्स कर लें। आवश्यकतानुसार थोड़ा सा पानी भी मिला लें। अब कढ़ाई में तेल गर्म होने के लिए रख दें। अच्छे से गर्म हो जाने के बाद उसमें धीरे-धीरे कॉर्न डालकर फैला लें। गोल्डेन ब्राउन होने तक इसे पकाएंगे।फ्राई होने के बाद टिश्यू पेपर में निकाल लें जिससे एक्स्ट्रा ऑयल आसानी से एब्जॉर्ब हो जाए। एक दूसरे बाउल में कॉर्न, बारीक कटी प्याज, हरी धनिया, पुदीना, नींबू का रस डाल मिला लें। तैयार है शाम की चाय के लिए गरमा-गरम क्रिस्पी कॉर्न।


## शब्द सामर्थ्य-06

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 05 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू-06

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.05 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |